अटेली पीजी कॉलेज का फ़र्स्ट एलुमिनाई मीट 26 को

भास्कर न्यूज़ | मंडी अटेली

राजकीय महाविद्यालय अटेली का 26 जून को पूर्व छात्र सम्मेलन (फर्स्ट एलुमिनाई मीट) का आयोजन होगा। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी जी ने बताया कि महाविद्यालय कि स्थापना जो कि समाज के प्रबुद्ध लोगो द्वारा 1981 में एक शिक्षण संस्था के रूप में की गई, जो की बाद में सरकार द्वारा नवंबर 1996 में अधिग्रहित कर लिया गया था।

वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय अटेली के रूप में शिक्षण सेवाएं दे रहा है। महाविद्यालय हरियाणा सरकार का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एक मात्र कॉलेज है जो नैक द्वारा ए ग्रेड है। कॉलेज द्वारा इतने लम्बे समय में अनेंको विद्यार्थियों को शिक्षित किया है, जो समाज के विभिन्न पदों को सज्जित कर अपनी सेवाएं दे रहे है। फ़र्स्ट एलुमिनाई मीट में अपने महाविद्यालय प्रांगण में आकर अपनी पुराने यादें ताजा कर सके और अपने वर्तमान अनुभव को सभी के बीच सांझा कर सके। पूर्व छात्र सम्मेलन के संयोजक डॉ. राजेश यादव ने बताया कि महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ को पंजीकृत करवाने जा रहा है जिसमे महाविद्यालय के सभी पूर्व छात्रों को जोड़ा जायेगा और समय-समय पर कॉलेज गुणवत्ता के लिए सेवाओं के साथ-साथ उनके अनुभवों का लाभ लिया जायेगा।

डॉ यादव ने बताया ने बताया कॉलेज के सभी पूर्व छात्र कॉलेज वेबसाइट पर उपलब्ध रजिस्ट्रेशन लिंक के द्वारा दिनांक 25 जून तक अपनी सूचनाएं भर के अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और सम्मेलन से संबंधित किसी भी प्रकार कि सुचना के लिए पूर्व छात्र सह संयोजक पुखराज जी 9416496715 और राकेश कुमार 9416704801 से संपर्क कर सकते है।